हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री


04
जनसंवाद-2026 की यह खबर
पेज-4 में जरूर पढ़े...




## खबर संक्षेप

### सिसकोल कंपनी में हादसा क्रेन ऑपरेटर की मौत

**भिलाई।** सिसकोल कंपनी में बड़ा हादसा हो गया। जहां क्रेन ऑपरेटर की काम के दौरान मौत हो गई। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार की सुबह की है। हथखोज स्थित सिसकोल कंपनी में क्रेन ऑपरेटर के रुप में लेखुराम उर्फ लेखराम कौशल काम करता था। सुबह लेखूराम ओवरहेड क्रेन की मदद से भारी लोहे के प्लेट को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्रांसफर कर रहा था। अचानक क्रेन का संतुलन बिगड़ने से लोहे के प्लेट स्लिप होकर लेखुराम के ऊपर जा गिरा। घटना में लेखुराम को शरीर पर गंभीर चोटें आईं। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर लगते ही भिलाई तीन पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का जांच कर कर्मियों से पूछताछ भी किया गया। लेकिन हादसे का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। लापरवाही या तकनीकी खामियों के कारण हाससा हुआ होगा। लेकिन पुलिस जांच के बाद भी हादसे का कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

धान खरीदी : सेलूद, जेवरासिरसा, अरसनारा, कोड़िया और बासीन संग्रहण केंद्र तैयार

# जिले में दो लाख मीट्रिक टन धान रखने के लिए बनाए गए पांच संग्रहण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

धान खरीदी महज चार दिन और होगी। इसलिए उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन अब संग्रहण केंद्रों में किया जाएगा।

दुर्ग जिला प्रशासन ने पांच संग्रहण केंद्र खोलने की तैयारी पूरी कर ली है। धान संग्रहित करने के लिए सेलूद, जेवरासिरसा, अरसनारा, कोड़यिा और बासीन संग्रहण केंद्र तैयार किए गए हैं। इन संग्रहण केंद्रों में 2 लाख मीट्रिक टन से भी ज्यादा धान रखे जाएंगे। सेलूद और जेवरासिरसा में धान संग्रहित करना भी शुरू कर दिया गया है। 31 जनवरी तक धान की खरीदी होनी है। इसके लिए ऑनलाइन टोकन जारी किए जा रहे हैं।

## 31 जनवरी तक होनी है धान की खरीदी

### दुर्ग सहित छह जिले के धान भी होंगे संग्रहित

दुर्ग जिले के धान संग्रहण केंद्रों में दुर्ग जिले के अलावा कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से भी धान भण्डारित किया जाना है। यहां पर भण्डारित धान के उठाव, धान के उठाव हेतु लगाई जाने वाली वाहन, ट्रक लोडिंग हेतु हमालों की व्यवस्था, संग्रहण केन्द्र में वाहन न फंसे इन सबकी व्यवस्था करने के निर्देश प्रशासन ने दिए हैं। संग्रहण केन्द्रों में धान भण्डारण एवं उठाव के मैनुअल और ऑनलाईन व्यवस्था रहेगी। संग्रहण केन्द्रों में धान के स्टेग को बारिश से बचाने, पर्याप्त केप कव्हर की व्यवस्था रखने की भी हिदायत दी गई है।



### इसलिए है संग्रहण केंद्र की उपयोगिता

दुर्ग जिले में धान की खरीदी 102 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से की जा रही है। 31 जनवरी को जब धान खरीदी उपार्जन केंद्रों में बंद कर दी जाएगी। कुल 616435 मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य तय किया गया है। उपार्जन केंद्रों से अनुबधित मिलरों को धान उठाव वर्तमान में कर रहे हैं। लेकिन हर साल नियत समय पर धान उपार्जन केंद्रों से उठाव नहीं हो पाता। इसलिए उपार्जन केंद्रों से धान संग्रहण केंद्रों में स्टॉक किया जाता है। सालभर तक इन संग्रहण केंद्रों से मिलर उठाव करते रहते हैं।

### उठाव के लिए डीओ हो रहे हैं जारी

समय पर भुगतान राशि मिलने पर 94003 किसान लाभान्वित हुए हैं। उपार्जन केन्द्रों से धान की उठाव भी तेजी से होने लगी है। उठाव हेतु 2,40,735.14 मिट्रिक टन धान का डीओ जारी हुआ है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 1,75,578.02 मिट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

### 52746 ने किया रकबा समर्पण

जिले में अब तक धान बेच चुके 52746 कृषकों ने 1,901,04 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं। उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किया गया है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके तहत केन्द्रों में 1946243 बारदाने उपलब्ध करवाया गया है।

### पांच संग्रहण केंद्र बने

दुर्ग जिले में इस बार पांच धान संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से दो संग्रहण केंद्र सेलूद और जेवरासिरसा में उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन भी शुरू करवा दिया गया है। दुर्ग के अलावा आसपास जिले से भी इन केंद्रों में धान संग्रहित किया जाना है।

**-अनुराग सिंह भदौरिया,** जिला खाद्य अधिकारी

# 9.66 लाख के जुआ के अड्डे में दबिश 21 जुआरी पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

▪ नंदिनी पुलिस का मामला नगदी 1.91 लाख जब्त

लंबे समय से जुआ का अवैध कारोबार चल रहे मकान में पुलिस ने दबिश देकर 21 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने कुल 9.66 लाख रुपए के सामान, 10 बाइक और 35 मोबाइल बरामद किया है। मौके से पुलिस ने नगदी 1.91 लाख रुपए, ताश पत्ती मिला है।

एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नंदिनी स्थित ग्राम रवेलीडीह में टीकाराम वर्मा के मकान में हारजीत का दांव लग रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर मकान में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने जुआ खेल रहे बोडेगांव निवासी सोहन देवांगन, सूरडंग कमलेश्वर सिंह, दुर्ग धनराज चदीवार, स्मृति नगर प्रशांत वर्मा, खुर्सीपार सुकेश नंदा, कोहका नयन साहू, नगपुरा संतोष सेन, जसवंत गोस्वामी, धमेन्द्र कुमार सिन्हा , सुरडुंग संतोष शुक्ला, वैशाली नगर मोहित वर्मा, खपरी चेतन शर्मा, रामपुर प्रवीण सिंह, बिजली आफिस के पीछे हाउसिंग बोर्ड जामुल भिलाई दुखीराम वैष्णव, कोहका ध्रुव कुमार सोनी, दुर्ग दिनेश सोनी. जामुल मोहित जायसवाल, स्मृति नगर विक्की साहू, नगपुरा प्रकाशदास गोस्वामी, जामुल प्रकाश निर्मलकर, कोहका हिमांशु निषाद को पकड़ा गया। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।






## खबर संक्षेप

### मानसगान प्रतियोगिता का आज समापन

**दुर्ग।** ग्राम भेड़सर दुर्गा मंदिर चौक पर दो दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार 24 जनवरी को दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि सरपंच सलीता भेखा साहू थीं। विशिष्ट अतिथि कुर्मी समाज के युवा अध्यक्ष हेमंत देशमुख थे। समापन समारोह 25 जनवरी को होगी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि संतोषी कृष्णा देशमुख होंगी। वहीं 27 जनवरी को मंडई मेले का आयोजन किया गया है।

## निधन

### उत्तम पारडे



**भिलाई।** शांति नगर सड़क-2 निवासी ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारी 54 वर्षीय उत्तम पारडे का निधन हो गया। अंतिम यात्रा शांति नगर भिलाई से 25 जनवरी को सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे रेणुका पारडे के पति तथा पूजा, प्रिआंसू और पीयूष पारडे के पिता थे।

### मुरारीलाल अग्रवाल



**भिलाई।** एचआईजी 1/10, जवाहर नगर निवासी मुरारीलाल अग्रवाल का निधन 24 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्ति धाम के लिए निकलेगी।
वे मनोज कुमार अग्रवाल के पिता, श्याम सुंदर अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, किशन अग्रवाल के भाई एवं कमल अग्रवाल, विकास अग्रवाल के चाचा और आदित्य अग्रवाल के दादा थे।

### मनका देवी शर्मा



**भिलाई।** बजरंग नगर कोहका भिलाई निवासी मनका देवी (100 वर्ष) पति बी शर्मा का शनिवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 26 जनवरी की दोपहर 1 बजे शिवनाथ नदी दुर्ग स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे महेश चंद्र शर्मा, श्रीकांत शर्मा, निशिकांत शर्मा सरक्षक विश्वकर्मा समाज कल्याण केंद्र भिलाईनगर व भोजपुरी परिषद के मुख्य सलाहकार की मां थी।

### चंद्रिका प्रसाद भट्ट



**दुर्ग।** सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक चंद्रिका प्रसाद भट्ट का निधन हो गया। वे 73 साल के थे। वे आदर्श नगर दुर्ग में गणपति विहार में निवासरत थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे किरण भट्ट के पति और सुनीता, स्वाति, सामिष्ठा के पिता थे।

### सरोज देवी शर्मा



**भिलाई।** सेक्टर-6 निवासी सरोज देवी शर्मा का शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 जनवरी रविवार को ब्लॉक 6-सी स्ट्रीट-79 सेक्टर-6 से सुबह 11:00 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. रमाकांत शर्मा की पत्नी योगेश,लोकेश एवं भावना की माता थी।

### आम सूचना

सर्वसाधारण के सूचनार्थ हम अपने पक्षकार श्रीमती अंजू यादव पति पिताम्बरलाल यादव निवासी वार्ड नं. 16, सिकोला बस्ती, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से अधिकृत व निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करते हैं कि हमारे उपरोक्त वर्णित पक्षकार ने विक्रेता भूपेन्द्र कुमार आ. रामकिशोर पाटिल निवासी-ग्राम ओड़िया, तहसील-साजा, जिला-बेमेतरा के नाम की भूमि मौजा शिव मंदिर के पास, तेजाजी मार्ट के पीछे, कर्मचारी नगर, जयंती नगर, दुर्ग ग्राम-सिकोला, प.ह.नं.-08, रा.नि.मं. दुर्ग-2, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) खसरा नं. 32/345 रकबा 0.021 हे. (2236 वर्गफीट) भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर विक्रेता को सौदा पेटे अग्रिम राशि प्रदान कर दिया है तथा विक्रेता द्वारा उपरोक्त भूमि का विक्रय पंजीयन किया जाना शेष है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक को उक्त विक्रय संव्यवहार के संबंध में कोई दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि के भीतर हमारे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेज लिखित आपत्ति पेश करें। उक्त अवधि के पश्चात हमारा पक्षकार उक्त भूमि का बिक्रीनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा तथा बाद म्याद की गई आपत्ति प्रभावहीन मानी जायेगी तथा हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।
सो सूचना जाने।
दिनांक-24.01.2026
अधिवक्ता
प्रवीण कुमार निर्मलकर जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.) मो. नं.- 9691591146

### एटमास्टको लिमिटेड का रक्षा क्षेत्र में कदम, 250 नई नौकरियां और जीडीपी में बढ़ेगा योगदान

# भिलाई की एटमास्टको लिमिटेड बनी राष्ट्रीय सुरक्षा की भागीदार : राज्यपाल रमेन डेका

**राज्यपाल ने भिलाई में बुलेटप्रूफ जैकेट एवं हेलमेट फैक्ट्री का किया उद्घाटन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने नंदनी स्थित रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी एटमास्टको लिमिटेड की बुलेटप्रूफ जैकेट एवं हेलमेट निर्माण इकाई के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने फीता काटकर फैक्ट्री का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि आज भिलाई के औद्योगिक केंद्र से उभरती एक उल्लेखनीय सफलता की कहानी देखकर बेहद खुशी हो रही है। 35 वर्षों से अधिक समय से, एटमास्टको समूह छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, यह साबित करते हुए कि स्थानीय विशेषज्ञता वास्तव में राष्ट्रीय स्तर की सफलता हासिल कर सकती है। उन्होंने कहा कि सन 1987 में भिलाई में एक छोटी सी शुरुआत से, एटमास्टको एक शक्तिशाली औद्योगिक ताकत के रूप में विकसित हुई है। एक महत्वपूर्ण मोड़ फरवरी 2024 में आया, जब एटमास्टको लिमिटेड ने एनएसई पर सूचीबद्ध होकर आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर कदम रखा।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि यह एक ऐसी कंपनी है जो ज़म्मिेदारी के महत्व को समझती है। यह कंपनी हर साल 20 हजार मीट्रिक टन भारी इंजीनियरिंग निर्मित स्टील का उत्पादन करती है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह समुदाय के लिए जीवन रेखा है, जो उन्हें सर्विस देते हैं। छत्तीसगढ़ के भिलाई में स्थित एटमास्टको ने टाटा स्टील, अडानी, वेदांता, एलएंडटी, भेल, एनटीपीसी जैसी अग्रणी कंपनियों के साथ साझेदारी करते हुए देशभर में कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा एवं स्टील परियोजनाओं का सफलतापूर्वक निष्पादन किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर निर्मित विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे पुल भी शामिल है। यह दो हजार परिवारों को आजीविका प्रदान करती है और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना 350 करोड़ रुपये का योगदान देती है। 2025 में एटमास्टको डिफेंस सिस्टम्स की स्थापना के साथ, उन्होंने बुनियादी ढांचे के निर्माण से हटकर लोगों की जान बचाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। डीआरडीओ से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्राप्त करने के बाद, वे अब हमारे सशस्त्र बलों और पुलिस के लिए जीवन रक्षक बुलेटप्रूफ जैकेट और बीआईएस मानकों के 6 स्तर के बैलिस्टिक हेलमेट का निर्माण कर रहे हैं। भिलाई स्थित एक कंपनी को हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते देखना गर्व का क्षण है। राज्यपाल ने कहा कि अगले तीन वर्षों के लिए विकास योजना भी उतनी ही प्रभावशाली है। अनुमान है कि एटमास्टको से अतिरिक्त 250 नौकरियां सृजित होंगी और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 350 करोड़ रुपये का अतिरिक्त योगदान होगा। इस अवसर पर संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंग, आईजी अभिषेक शांडिल्य एसपी विजय अग्रवाल, एसपी एटमास्टको डिफेंस सिस्टम के डायरेक्टर विजय चंदर अय्यर, एमडी स्वामीनाथन, सचिव सीआर प्रसन्ना, ग्रुप सीईओ जी चन्द्रशेखर सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाज की प्रगति का मजबूत आधार है शिक्षा : कुंवर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



ग्राम विनायकपुर एवं देवरी (ख) में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती एवं भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, भक्त गुहा निषाद एवं हनुमान की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद अपनी धर्मपत्नी दंतेश्वरी निषाद के साथ शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर विधायक कुंवर सिंह निषाद ने निषाद समाज द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि निषाद समाज भगवान श्रीराम के पदचिह्नों पर चलने वाला सरल, सहज और मेहनतकश समाज है। भक्त गुहा निषाद राज समाज के गौरव और आदर्श हैं, जिन्होंने भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान उनकी सहायता की थी। इसलिए निषाद समाज पर भगवान श्रीराम का विशेष आशीर्वाद है। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने समाज की एकता, परंपरा और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। उन्होंने कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य तभी संभव है, जब हर परिवार शिक्षा को प्राथमिकता दे। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा स्तर पर समाज के विकास, शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर अवसर मिल सकें।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ हिट एंड रन का अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर अग्रसेन चौक के पास कल्याण ज्वेलर्स के सामने हुई। सेक्टर 10 निवासी मोहना मेश्राम भाई मुकेश कुमार गजभिये के साथ बाइक सीजी 07 एजी 4135 में सवार होकर पर नेहरू नगर की ओर जा रहे थे। तभी अज्ञात कार चालक तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में मोहना मेश्राम के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। मोहना को तुरंत उपचार के लिए सुपेला ले जाया गया। जहां गंभीर हालत के कारण उन्हें निगरानी में रखा गया था। जहां महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मृतिका के परिजनों और मुकेश कुमार, विवेक कुमार मेश्राम, नितेश , अमित खोब्रागढ़े जयंत खोब्रागढ़े का भी बयान दर्ज किया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

## भिलाई-चरोदा निगम में टैक्स वसूली को लेकर अभियान



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में टैक्स वसूली को लेकर सिरसाकला और सोमनी वार्ड में वसूली करने शिविर लगाया गया। निगम कर्मियो द्वारा की जा रही कार्यवाही का निरीक्षण करने निगम आयुक्त डीएस राजपूत पहुंचे थे। महापौर निर्मल कोसरे और आयुक्त के निर्देश पर निगम का राजस्व विभाग ने टैक्स कलेक्शन अभियान चलाया है। निगम के 2 दल अलग अलग वार्डो में घर -घर ,गांव -गांव पहंच रही है। निगम द्वारा संपत्तीकर -समेकित कर, जलकर , भू-भाटक , शिक्षा उपकर, समेत यूजर चार्ज वसूली करने का अभियान चल रहा है। इसमें जल प्रदाय विभाग की ओर से जलकर राशि वसूल करना, संपदा और राजस्व विभाग द्वारा अन्य करो की वसूल करने कवायद तेज कर दी गई है। निगम प्रशासक द्वारा सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे के नेतृत्व में जलकर वसूली का एक दल, संपत्तीकर प्रभारी ललित चन्द्राकर के नेतृत्व में एक दल गठित किया गया है। प्रतिवर्ष वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व 1 अप्रैल से पहले मार्च महिने में सभी करो का भुगतान किया जाना होता है।

## जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा ग्रामीणों को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा




छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत दुर्ग जिले के विकासखंड धमधा के विभिन्न ग्रामों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम तितुरघाट से प्रारंभ होकर कुल 54 ग्रामों में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का आयोजन आई.एस.एस. प्रतिष्ठा विकास संस्थान, दुर्ग द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, दुर्ग के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। अभियान के दौरान स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को पानी के महत्व, उसके सदुपयोग और संरक्षण के तरीकों की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीणों को वर्तमान जल स्थिति एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल बचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में जल संकट की स्थिति न बने। साथ ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। किसानों से अपील की गई कि कृषि क्षेत्र में धान के बाद ऐसी फसलों का चयन करें जिनमें पानी की खपत कम हो। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए जल स्रोतों के पास सोख्ता गड्ढों का निर्माण, वर्षा जल संग्रहण (वाटर हार्वेस्टिंग) जैसे उपाय अपनाने की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत, स्कूल, आंगनबाड़ी और घरों में इन उपायों को अपनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर आई.एस.एस. प्रतिष्ठा विकास संस्थान के साथ स्कूली बच्चे, जल वाहिनी, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने जल संरक्षण का संकल्प लिया।

## गरीब मजदूरों का हक छीन रही है भाजपा सरकारः देवेंद्र देशमुख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| निकुम



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा भाजपा के गढ़ में कांग्रेसियों ने मिलकर मनरेगा बचाओ अभियान में जमकर भाजपा सरकार पर बिफरे , वही क्षेत्र के तिरगा,भोथली, रुदा ,खाड़ा में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख के नेतृत्व में ने भाजपा सरकार के इस फैसले को गरीबों का हक छीनने वाला बताया है। साथ ही कहा है कि , मनरेगा को लेकर लिए गए फैसले को भी बदलने के लिए सरकार को मजबूर करेंगे।दे वेंद्र देशमुख ने कहा कि 'सरकार शायद यह बात भूल रही है कि यदि मनरेगा नहीं होता तो कोरोना काल में लाखों लोग जीविका बहुत बुरा असर होता गए । इसके तहत लोगों को मनरेगा में गारंटी के साथ रोजगार मुहैया कराया। वहीं इससे गांवों के पलायन को रोकने में मदद मिली है, लेकिन सरकार ने अब गरीबों के हक को छीनने का प्रयास किया है, मनरेगा रद करने से लोग सभी गुस्से में है। सरकार को आमजन गरीब मजदूरों गुस्सा भारी पड़ेगा।

जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख ने मनरेगा मजदूरों के साथ शपथ भी ली कि वह किसी भी कीमत पर मनरेगा की रक्षा करेंगे, वही मजदूरों से कहा भी मनरेगा खत्म करने के सरकार के फैसले को संघीय ढांचे व पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करने का कदम हैं उन्होंने कहा कि इसका असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। वही इस मनरेगा बचाव रैली में जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू , रमेश साहू, तिरगा सरपंच घसियाराम देशमुख, वीरेंद्र निषाद राजेश बेलचंदन आदि उपस्थित थे।

## विनायकपुर में मंडई मेला महोत्सव 31 को

**अंडा।** ग्राम विनायकपुर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य मंडई मेला महोत्सव का आयोजन 31 जनवरी को किया जा रहा है। ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस मेले को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के तहत बाजार चौक ग्राम विनायकपुर में 31 जनवरी शनिवार को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रात 10:30 बजे से रायपुर की प्रसिद्ध लोकधारा सांस्कृतिक टीम द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर करेंगे। वहीं विशेष अतिथि प्रीतपाल बेलचंदन और सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार होंगे।

## अंचल की खबरें

### वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**सेलूद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मर्रा तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मर्रा के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा मंत्री एवं संगठन प्रभारी जिला राजनांदगांव जितेन्द्र वर्मा थे। विशेष अतिथि जिला महामंत्री भाजपा दुर्ग दिलीप साहू तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष दरबार मोखली ज्योति प्रकाश साहू, केशव बंछोर, पोसू राम निर्मलकर, भागवत वर्मा, लाला राम वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वासु वर्मा तथा प्राचार्य और शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान से अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष यादव ने किया।

### कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का अधिवेशन आज पंदर में

सेलूद। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का 80 वां राज वार्षिक अधिवेशन 25 जनवरी को ग्राम पंदर के दानवीर स्वर्गीय केजा बाई वर्मा एवं शिक्षाविद प्राचार्य स्व दानीराम वर्मा स्मृति सभा स्थल में होगा। इसमे ग्राम पंदर, गुजरा व मटिया व पाटन के कुर्मी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि - भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन होंगे। अध्यक्षता खोडस राम कश्यप केन्द्रीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर होंगे।

### महिला कमांडो सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण



**भिलाई।** महिला कमांडो को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण धमधा क्षेत्र के ग्राम दारागांव में दिया गया। इस दौरान प्रेरणा सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम रहीं। सम्मेलन में दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम जिलों के 40 गांवों से 200 महिला कमांडो पहुंची थी। महिला कमांडो को सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन का विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कानून के दायरे में रहकर कार्य करने, किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में न लेने एवं शांतिपूर्ण तरीके से जागरूकता अभियान चलाने की जानकारी दी गई। सिविल डिफेंस में आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा,विधिक सीमाएं में सदैव कानून के दायरे में रहकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। अनुशासन किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में न लेने, जागरूकता अभियान के तहत सामाजिक जागरूकता अभियान शांतिपूर्ण एवं वैधानिक तरीके से संचालित करना, पुलिस समन्वय आपदा/आपात स्थिति में पुलिस व प्रशासन से बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गयाष कार्यक्रम में एएसपी ग्रामीण मणीशंकर चंद्रा ने महिला कमांडो को टोपी एवं बैच प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीपीओ बेमेतरा विनय साहू, डिस्ट्रीक कमांडेंट होमगार्ड नागेंद्र सिंह,थाना प्रभारी धमधा रामनारायण ध्रुव, ग्राम सरपंच केजिया ठाकुर, राकेश साहू मौजूद थे। मंच संचालन रफीक खान ने किया।

### वार्षिकोत्सव में सम्मानित हुईं प्रतिभाएं




**पाटन।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाटन में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला महामंत्री दिलीप साहू, नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश 'निक्की' भाले, उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल के अध्यक्ष मिलन देवांगन और रोहित देवांगन उपस्थित थे।

इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर समां बांध दिया। नृत्य, गीत, नाटक और देशभक्ति कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह में अभिभावकों, शिक्षकगणों एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों की उपस्थिति रही।

### देवरी में संगीतमय हरिकीर्तन कथा आज से

**अंडा।** ग्राम देवरी (ख), तहसील गुण्डरदेही में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन कथा एवं विशाल भोजन भंडारा का आयोजन 25 जनवरी (रविवार) एवं 26 जनवरी (सोमवार) को किया गया है। कार्यक्रम में प्रवचनकर्ता कामता प्रसाद शरण (कुरेरादादर, जिला गरियाबंद) प्रवचनों एवं संगीतमय हरिकीर्तन कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक ज्ञान से सराबोर करेंगे। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है।

### अछोटी में आज लोक संस्कृति का आयोजन

**अंडा।** ग्राम अछोटी भांठा में 25 जनवरी को रात्रि 8 बजे से लोक संस्कृति का आयोजन किया गया है। जिसमें भजन गायिका सुनीता मारकण्डे, अध्यक्ष गीतु देशमुख, सचिव रिन्की देशमुख, सहायक-गीतु, रिन्की, हेमा, प्रेरणा नृत्य-मोहिनी, कशक, मुरकान, राधिका, नीलम हेमा, मोनिका, दीपिका, गीता, कशिश उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी अमित मारकण्डे ने दी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## जिला संवाद 2026 : सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर कितनी कारगर रही योजनाएं...



मंत्री गजेंद्र यादव और पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।



संवाद कार्यक्रम के दौरान मंच में पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक देवेंद्र यादव मौजूद थे।



विधायकों में रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, खादीग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय भी शामिल हुए।

**हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार महात्मा गांधी कलामंदिर सेक्टर 6 में जिला संवाद 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन काफी खास रहा, जिसमें शिक्षाविद, हेल्थ एक्सपर्ट, उद्योगपति, राजनीतिक व्यक्ति, शासन, प्रशासन, युवाओं और छात्रों का अनोखा संगम देखने को मिला। 6 सेशन में आयोजित इस कार्यक्रम में निकायों के मेयर, विधायकों, राजनीतिक व्यक्तियों, एजुकेशन और हेल्थ एक्सपर्ट्स, प्रशासनिक व्यवस्था के लिए कलेक्टर, कानून व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक से बेबाकी से सवाल-जवाब किए गए। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने किया। इस दौरान हरिभूमि और आईएनएच न्यूज की पूरी टीम मौजूद थी। कांग्रेस और भाजपा जैसी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जनता से जुड़े विषयों पर सवाल उठाए। कार्यक्रम में मंत्री गजेंद्र यादव, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय, भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, भिलाई मेयर नीरज पाल, रिसाली मेयर शशि सिन्हा, भिलाई-चरोदा मेयर निर्मल कोसरे, उद्योगपतियों और शिक्षाविदों में शंकराचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के चेयरमैन आईपी मिश्रा, अरविंदर खुराना, अजय भसीन, अनिल शर्मा, संजय बघेल, अतुल पर्वत सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल ने भी प्रशासन का पक्ष रखा।**

### एजुकेशन, मेडिकल एक्सपर्ट, उद्योगपति, निकाय, प्रशासन और राजनीतिक गतिविधियों पर संवाद

# फल व सब्जियों का हब बनने जा रहा दुर्ग जिला, कारगो की सुविधा शुरू होगी तो विदेशों तक पहुंचेगा सामान





संवाद कार्यक्रम में भिलाई-दुर्ग समाजसेवी, शिक्षाविद, राजनीतिक व्यक्ति, युवा और विद्यार्थी भी पहुंचे।

### दो साल से प्रदेश में साएं-साएं चल रहा सरकार का काम, योजनाएं गिनते-गिनते थक जाएंगे

मंचासीन विधायकों से तीखे सवाल पूछे गए। दो साल में होने वाले कामों का रिपोर्ट कार्ड लिया। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने बेबाकी से जवाब देते हुए कहा कि दो साल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार साएं-साएं काम कर रही हैं। योजनाएं इतनी है कि गिनते-गिनते थक जाएंगे। एजुकेशन, उद्योगों और कृषकों की चर्चा के दौरान एसआर फार्मा के अनिल शर्मा ने कहा कि फल और सब्जियों का दुर्ग हब बनने जा रहा है। कारगो की सुविधा मिले तो हम दुनिया के हर कोने में सब्जियां पहुंचा सकेंगे। शंकराचार्य ग्रुप के चेयरमैन आईपी मिश्रा ने कहा कि भिलाई एजुकेशन के सेक्टर में आगे बढ़ रहा है।

## कैपिटल रिजन बनने के बाद तेजी से होगा डेवलपमेंट

**भिलाई।** जिला संवाद के तीसरे सत्र मे डॉ. द्विवेदी ने पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू , भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर से भाजपा व पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल मे फर्क व राजनीतिक राजनीतिक भविष्य पर सवाल पूछे। पूर्व स्पीकर श्री पांडेय ने कहा कि विष्णुदेव सरकार के दो साल के विकास को याद कांग्रेस 25 साल सत्ता में नहीं आएगी। कांग्रेस कार्यकाल में भ्रष्टाचार इतना था कि दो दो काउंटर खोल रखे थे, क्या कोई बासी चम्मच से खाता है। हमारे कार्यकाल के सीजी बोर्ड स्कूलों को आत्मानंद स्कूलों के नाम से सीबीएससी में बोर्ड में बदलकर गोबर कर दिया। अभी तक नगर निगम बीएसपी के प्रापर्टी टैक्स में ही उलझे हुए हैं। हाल उस समय हास परिहास में डूब गया जब विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि इस सराकार में करोड़ो की शराब चूहे पी गए। श्री पांडेय ने दिलचस्प टिप्पणी की कि आपके राज में गोबर खा गए। उन्होंने कहा कि जब उनसे बड़े ताम्रध्वज साहू चुनाव में संभावना देख रहे हैं तो मैं तो उनसे छोटा हूं। देवेंद्र यादव ने अगला चुनाव लड़ने व दोनों सरकारों के अंतर पर बताया कि भाजपा सरकार ट्रिपल इंजन के बाद भी अपने वादे पूरे नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि 2028 के चुनाव में मेरी रुचि भिलाई ही रहेगी। कांग्रेस के भविष्य के सवाल पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि जिस हिसाब से भाजपा कांग्रेसियों को भाजपा से चुनाव जिता रही है, बीस तीस साल बाद वे भी हमारे व कांग्रेस भी हमारी रहेगी। भाजपा खत्म हो जाएगी। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे भले ही उम्रदराज हैं पर अनुभवी हैं। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व विधाय रिकेश सेन व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने भी डॉ. द्विवेदी के दो साल बनाम पांच साल के कार्यकाल पर सटीक जवाब दिए। जनसंवाद के दौरान भिलाई, रिसाली, भिलाई चरोदा के महापौर से भी चर्चा की गई। तीनों क्षेत्रों के विकास और शासन से मिलने वाले अनुदान, फंड को लेकर दिक्कतों के बारे में जानकारी दी गई। आईएनएच व हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. द्विवेदी ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सहित मंचस्थ जनप्रतिनिधियों से पूछा कि एक समय था जब एजुकेशन हब के रूप में भिलाई की चर्चा होती थी, लेकिन अब रायपुर शिक्षा के लिए बड़ा केंद्र बन रहा है। जवाब में श्री यादव ने कहा कि हमारी विष्णुदेव सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के करीब 4 लाख इंजीनियर बच्चे देश-विदेश में नौकरी करने जाते है। इसे देखते हुए हम दुर्ग में नालंदा कोचिंग सेंटर का एक बड़ा शिक्षा का केंद्र विकसित कर रही है। इससे हमारे जिले सहित अंचल के बच्चों को इंजीनियरिंग करने के बाद कोटा और बैंगलुरू आदि बाहर के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि हमारा विजन दुर्ग ग्रामीण को पेयजल, सफाई और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के दृष्टि से विकसित करना है। सरकार इसके लिए पूरी रफ्तार से काम कर रही है। विधायक रिकेश ने कहा कि उन्होंने मात्र 2 साल में अपने क्षेत्र में कई उपलब्धियां जनता को दी है। आने वाले तीन साल में वैशालीनगर की तस्वीर बहुत कुछ बदल जाएगी। विष्णुदेव व मोदी सरकार के सपने को हम जनसहयोग से पूरा करने का चौतरफा प्रयास कर रहे है। सभी जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कैपिटल रिजन बनने के बाद तेजी से डेवलपमेंट होगा।



कलेक्टर अभिजीत सिंह और एसएसपी विजय अग्रवाल हुए सम्मानित।



कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर का किया गया सम्मान।



चेंबर ऑफ कॉमर्स के अजय भसीन को किया गया सम्मानित।



अतिथियों ने प्रतिभावान अजय चौधरी, ईश्वर उपाध्याय, लालेश्वरी साहू, अनिल कुमार और आदित्य कुमार को सम्मानित किया।



डीपीएस जुनवानी की प्राचार्य भी कार्यक्रम में पहुंची।



हरिभूमि परिवार ने मंत्री गजेंद्र यादव को सम्मानित किया।



भिलाई चरोदा मेयर निर्मल कोसरे हुए सम्मानित।



मंच में समाजसेवी अतुल पर्वत को सम्मानित करते अतिथिगण।

### एन्टरप्रेन्योर और स्टार्टअप से जुड़ रहे युवा, एआई पर भी मंथन



जिला संवाद में चर्चा के दौरान आईपी मिश्रा, डॉ. मनीष मनोरिया, संजय बघेल, अरविंदर सिंह खुराना, अजय भसीन और अनिल शर्मा मौजूद थे।



मंच में आईपी मिश्रा को मंत्री गजेंद्र यादव के हाथों सम्मानित किया गया।



बिल्डर संजय बघेल को भी सम्मानित किया गया।

हरिभूमि और आईएनएच के इस आयोजन में संभाग प्रमुख आनंद ओझा, ब्रांच मैनेजर विजय मंडल, ब्यूरो प्रमुख डॉ. संदीप उपाध्याय, डेस्क इंचार्ज अतुल अग्रवाल, सीनियर रिपोर्टर देवीलाल साहू, क्राइम रिपोर्टर जेएम तांडी, जाकिर हुसैन, संगीता मिश्रा, के प्रदीप, मोनू यादव, संजय पांडेय, कौशिक चटर्जी, राजू डोरा, बलदाऊ पांडेय, पिंकी चौधरी, तोप सिंह साहू, शशिकांत सोनी सहित पूरी टीम का योगदान रहा।



संवाद के दौरान मौजूद पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक देवेंद्र यादव सहित अन्य।

स्वादिष्ट मिठाइयों का लगा स्टॉल



लाइव इवेंट

## सवभाव सामाजिक सेवा समिति उत्कृष्ट महिलाओं को करेगी सम्मानित



**भिलाई।** सवभाव सामाजिक सेवा समिति के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण में विशेष भूमिका निभाने वाली महिलाओं को समिति दवरा सम्मानित किया जायेगा। जिसमें पद्मश्री फूलवासन बाई यादव प्रमुख रूप से शामिल रहेंगी। आयोजन के संबंध में समभाव सामाजिक सेवा समिति के सदस्यों ने फूलवासन बाई से भिलाई निवास में मुलाकात कर कार्यक्रम के लिए चर्चा की। इस अवसर पर अध्यक्ष पिलेश कुमार सिंह एवं समिति अन्य सदस्यों में विमान भट्टाचार्य, राम समुच, गोविन्द पाल, डीएस विद्यार्थी, संतोष जाटव, दिनेश मिश्रा, योगेन्द्र साहू, एनके अचिन्त्य, रुतेन पांड्ये, केएफ एंथनी, ओबी वर्मा, केएल विश्वकर्मा, अंतर्यामी नायक, एस.बंदोपाध्याय, एमआर निराला, श्रवणकुमार केलेकर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

सिटी इवेंट

## छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग में नियुक्ति पर तरुण बाफना का नगपुरा तीर्थ में सम्मान



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग में पशु कल्याण अधिकारी के महत्वपूर्ण पद पर तरुण बाफना की नियुक्ति होने पर उवासग्गहरम पार्श्व तीर्थ नगपुरा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर ने जैन समाज, तीर्थ ट्रस्ट तथा गौ सेवा से जुड़े लोगों में विशेष उत्साह का वातावरण निर्मित किया। यह सम्मान समारोह साध्वी लक्ष्यशा श्री जी ठाणा-3 के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। नगपुरा तीर्थ के ट्रस्ट मंडल द्वारा तरुण बाफना को श्री उवासग्गहरम पार्श्व तीर्थ नगपुरा का प्रतीकात्मक मोमेंटो एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप प्रदान किया गया यह मोमेंटो तीर्थ की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में ट्रस्टीगण मूलचंद जैन, भीखमचंद जैन, पन्नालाल गोलछा, सुरेश बाघमार तथा भरत भाई शाह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने तरुण बाफना को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से गौ सेवा एवं पशु कल्याण के क्षेत्र को नई दिशा और गति मिलेगी। सम्मान समारोह के पश्चात अतिथियों द्वारा तीर्थ परिसर स्थित गौशाला का भ्रमण किया गया। गौशाला में संचालित गौ सेवा, पशु संरक्षण, उपचार एवं देखभाल की व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। साध्वी श्री जी ने अपने आशीर्वचन में गौ सेवा को अहिंसा, करुणा और मानव धर्म का आधार बताते हुए समाज से इस दिशा में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

- साध्वी लक्ष्यशा के सान्निध्य में ट्रस्ट मंडल ने मोमेंटो व श्रीफल भेंट कर किया अभिनंदन

लाइव इवेंट

## महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ के विवाह आमंत्रण की शुभ परंपरा शुरू



**भिलाई।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ के दिव्य विवाह की तैयारियों के अंतर्गत पारंपरिक आयोजन का भव्य शुभारंभ किया गया। बोल बम समिति की महिला विंग द्वारा भगवान भोलेनाथ के विवाह आमंत्रण पत्रों में हल्दी और अक्षय लगाने की पावन रस्म सुबह 11 बजे दुर्गा मैदान, जोन-2, खुर्सीपार भिलाई में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। बोल बम समिति के प्रदेश अध्यक्ष दया सिंह के अनुसार इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ों महिलाओं और शिवभक्तों ने सहभागिता निभाई। समिति द्वारा कुल 31,000 विवाह आमंत्रण पत्रों में देर शाम तक विधिवत हल्दी-अक्षय लगाया गया। बोल बम समिति द्वारा यह आयोजन लगातार 18वें वर्ष किया जा रहा है। परंपरा के अनुसार, हल्दी-अक्षय पूर्ण होने के पश्चात बुधवार को पहला आमंत्रण पत्र सेक्टर-5 स्थित श्री गणेश मंदिर में अर्पित किया जाएगा। इसके बाद भिलाई के सेक्टर 01, 02, 04, 05, 06 से लेकर 10 एवं 11 तक, साथ ही खुर्सीपार, पावर हाउस, कोसानला, मॉडल टाउन, नेहरू नगर, कोहका, कुरूद, करंजा भिलाई, उमरपोटी, नेवई पाटन, सेलूद, पुरई सहित दुर्ग जिले और छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के मंदिरों में समिति की महिलाओं द्वारा आमंत्रण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस वर्ष भी बाबा की भव्य बारात में देश के सभी राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां सम्मिलित की जाएंगी। साथ ही आयोजन को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के साथ-साथ एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

संस्कृति और स्वाद का उत्सव... लजीज पकवान और मिठाइयों की रही भरमार

# सिविक सेंटर में लगा स्वाद का मेला, मटन कोशा से मिस्टी दोई को चखने फूड फेस्टिवल में उमड़ा सैलाब

**भिलाई। भिलाई बंगाली समाज की ओर से ओपन एयर थियेटर, सिविक सेंटर में दो दिवसीय फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जिसने शहर के लोगों को बंगाली और देसी स्वादों से रूबरू कराया। आयोजन में वेज और नॉनवेज व्यंजनों के साथ-साथ पारंपरिक मिठाइयों और महिलाओं के आर्टिफिशियल गहने, कपड़े आदि के स्टॉल लगाए गए थे। फूड फेस्टिवल में मटर कचौड़ी, आलू दम, वेज कटलेट, फिश कटलेट, बासंती पुलाव, मटन कोशा, कांदा भजिया, गोभी पराठा, पनीर चीज नगेट्स, बड़ा पाव, स्प्रिंग पोटैटो, आलू पराठा जैसे व्यंजनों ने लोगों को खासा आकर्षित किया। वहीं संदेश, मिस्टी दोई सहित बंगाली मिठाइयों के स्टॉल पर देर तक भीड़ बनी रही। आयोजन में शहर के अलग-अलग हिस्सों से लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ पहुंचे और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए यह फूड फेस्टिवल एक यादगार अनुभव रहा। खुले वातावरण में सजे स्टॉल, खुशबूदार व्यंजन और उत्सवी माहौल ने आयोजन को खास बना दिया। बंगाली समाज के सदस्यों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य न केवल अपनी संस्कृति और खानपान को लोगों तक पहुंचाना है, बल्कि सामाजिक मेलजोल को भी बढ़ावा देना है।**







### फूड फेस्टिवल में महिला शक्ति रही आगे परिवार संग संभाली दुकानों की कमान



फूड फेस्टिवल में इस बार महिलाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा देखने को मिली। वेज और नॉनवेज स्टॉलों पर महिलाएं अपने परिजनों और पतियों के साथ मिलकर दुकानदारी संभालती नजर आईं। कहीं किचन की जिम्मेदारी थी तो कहीं ग्राहकों से संवाद, हर मोर्चे पर महिलाओं की सक्रिय भूमिका दिखी। फूड फेस्टिवल में शामिल कई महिलाओं ने अपने हाथों के स्वाद से लोगों का दिल जीता। घरों तक सीमित रहने वाला हुनर अब सार्वजनिक मंच पर सामने आया, जिससे महिलाओं को पहचान और आत्मविश्वास दोनों मिला। खास बात यह रही कि कई महिलाओं ने पहली बार इस तरह के आयोजन में स्टॉल लगाकर अपने व्यंजनों को लोगों तक पहुंचाया। आयोजन ने महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर दिया, बल्कि खाने के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने का मंच भी दिया। परिवार के सहयोग से महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ती नजर आईं।

# निकली 301 फीट की भव्य तिरंगा यात्रा नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**भिलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भिलाई-3 नगर इकाई द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भिलाई-3 से प्रारंभ होकर बाजार चौक होते हुए आत्मानंद विद्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

301 फीट लंबे विशाल तिरंगे के साथ सैकड़ों विद्यार्थियों ने अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण रूप में बढ़ चढ़कर सहभाग किया और नगर के प्रमुख चौराहे पर स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी व भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा के पश्चात समापन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप छत्तीसगढ़ के प्रदेश संगठन मंत्री महेश साकेत, प्रभारी प्राचार्य रश्मि गुप्ता, भावना वर्मा, नगर मंत्री डे साहब साहू और विभाग छात्रा प्रमुख भूमि राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता महेश साकेत ने कहा कि आज भिलाई-3 की पावन धरती पर निकली यह भव्य तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और युवा शक्ति के राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। 301 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकली यह यात्रा प्रत्येक नागरिक के हृदय में देशभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करती है। तिरंगा हमें त्याग, समर्पण, सत्य और कर्तव्यबोध का संदेश देता है। नगर मंत्री डे साहब साहू ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र जीवन को केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रखती, अपितु विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का कार्य करती है और इस तिरंगा यात्रा के आयोजन के माध्यम से पूरा भिलाई 3 नगर राष्ट्रभक्तिमय हो गया है। वंदे मातरम् गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस तिरंगा यात्रा के अवसर पर दुर्ग विभाग संयोजक कुनाल राजपूत, जिला संयोजक प्रवीण यादव, रूपेश कुर्रे, वैभव सिंह, चेतना, देवेश सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## ब्लड सेंटर दुर्ग में आज विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** ब्लड सेंटर जिला चिकित्सालय दुर्ग (ब्लड बैंक) में 25 जनवरी को प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक रक्तदान व रक्तदान उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के लिए जिला चिकित्सालय में निःशुल्क वाहन पार्किंग सुविधा एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के अधिक से अधिक आयोजन से ही सुनिश्चित किया जा सकता है।

दुर्घटना, आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों के हित हेतु रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा में जनसामान्य द्वारा अपना अमूल्य योगदान दिया जा सकता है। वजन के अनुसार स्वस्थ शरीर में 5 से 6 लीटर तक रक्त होता है जिसमें से शरीर रक्तदाताओं को 1 बार में केवल 350 ML ही रक्त दान करना होता है। रक्तदान के समय वजन, बीपी, हिमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, मलेरिया, एचआईवी, हेपेटाइटिस, वीडीआरएल की निःशुल्क जांच होती है। व्यस्क लोग जिनकी उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष हो, वजन 45 किलोग्राम से ऊपर हो एवं जिनका हीमोग्लोबिन 11 g/dl से ऊपर हो वह रक्तदान कर सकते है। हर 3 माह (90 दिन) के अंतराल पर पुरूष तथा हर 4 माह (120) दिन) के अंतराल पर महिला रक्तदान कर सकती है।

हर बालिक एवं स्वस्थ व्यक्ति का कर्तव्य व दायित्व है कि जरूरतमंद मरीजों के लिये रक्तदान करें। जनसामान्य से अपील की गई है कि इस मानवीय कार्य में 25 जनवरी दिन रविवार को सभी को रक्तदान के लिये प्रेरित करें एवं रक्तदान शिविर तक लाने में मदद करें ताकि रक्तदान से ब्लड बैंक में सभी ग्रुप्स के रक्त युनिट उपलब्ध हो पाए।

शनिवार को रविशंकर स्टेडियम में किया गया पूर्वाभ्यास

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर रिहर्सल, कलेक्टर ने ली परेड की सलामी, 26 को मंत्री तोखन साहू फहराएंगे ध्वज

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** जिला मुख्यालय में गरिमामय गणतंत्र दिवस आयोजन के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह और एसपी विजय अग्रवाल की मौजूदगी में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका में सभी निर्धारित कार्यक्रमों का अभ्यास किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि के आगमन व ध्वजारोहण का अभ्यास के साथ ही कलेक्टर और एसपी के साथ परेड निरीक्षण, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस, एसडीएम हितेश पिस्दा एवं उत्तम ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अविनाश सहित विभागीय अधिकारी व पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### ध्वजारोहण के बाद स्कूली बच्चे देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर जिले में केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू 26 जनवरी को रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित मुख्य समारोह में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्य अतिथि राज्यमंत्री तोखन साहू सुबह 9 बजे रविशंकर स्टेडियम दुर्ग पहुँचकर ध्वजारोहण करेंगे। पश्चात प्रातः 9.03 बजे परेड का निरीक्षण, 9.10 बजे हर्ष फायर, 9.15 बजे मार्च पास्ट आयोजित किया जाएगा। प्रातः 9.22 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया जाएगा। प्रातः 9.42 बजे परेड कमान्डरों से परिचय, 9.50 बजे परेड कमान्डरों के साथ फोटो सेशन आयोजित होगा। प्रातः 10 बजे शहीद परिवारों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद 10.10 बजे स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रातः 10.40 बजे झांकियों का प्रदर्शन एवं 11 बजे से पुरस्कार वितरण किया जाएगा।







**खबर संक्षेप**

### हेलमेट वितरण और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**भिलाई**। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत दुर्ग परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 जनवरी को सुबह 10 बजे से खुर्सीपार गेट स्थित भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के मुख्य कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वाहन चालकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा, जिसमें सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 500 हेलमेट का वितरण किया जाएगा। वहीं, आमजन और चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया जाएगा, जिससे संदेश सरल और प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचे।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन मजदूरों को कर रही एकजुट

# ठेका श्रमिकों की 20 प्रतिशत कटौती के खिलाफ असंतोष, होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका मजदूरों में 20 प्रतिशत श्रमिकों की कटौती के निर्णय से असंतोष है। कटौती व अन्य लंबित मांगों को लेकर ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के द्वारा 28 जनवरी को मुर्गा चौक में प्रदर्शन किया जाएगा।

यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 4 कार्यालय में हुई में बैठक में लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन तय किया गया। इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि मजदूरों की मांगों को लेकर बीएसपी प्रबंधन को कई बार ज्ञापन देने के बाद भी नतीजा शिफर है। श्रमिकों की संख्या में 20% की कटौती कर रही है । इससे ठेका श्रमिकों में भय का माहौल है एवं रोजगार की चिंता है । 26 हजार न्यूनतम वेतन प्रतिमाह या केंद्रीय

**बैठक में ठेका मजदूरों ने रखी अपनी मांगें**




न्यूनतम वेतनमान देने, 20 लाख का दुर्घटना बीमा,आवास भत्ता साइकिल भत्ता रात्रि भत्ता और सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य मांगों लंबित को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में सीपी वर्मा दीनानाथ सिंहसार्वा आर दिनेश मनोहर लाल गुरुदेव साहू रिखी राम साहू संतोष ठाकुर जयरामध्रुव,सुरेश कुमार श्याम कुवर दामन लाल कान्हा राम कुलेश्वर देवेंद्र नरेंद्र कामता पटेल बलराम यशवंत नारायण टोमनलाल शिवकुमार रमेश कुमार लोहा महेंद्र कुमार एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

**मोटिवेशन स्कीम चालू करें**



स्टील इंम्प्लाइज यूनियन इंटक द्वारा बीएसपी में नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम लागू किए जाने की मांग को लेकर बीएसपी के निदेशक प्रभारी एवं कार्यपालक निदेशक के नाम से महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध एवं ठेका प्रकोष्ठ श्री विकास चंद्र तथा वरिष्ठ प्रबंध प्रियंका मीणा को सौंपा । मांग की कि कर्मियों का मनोबल व उत्पादन बढ़ाने जनवरी 2026 से नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम शीघ्र प्रारंभ की जाए। वर्तमान में वर्ष 2007 की इंसेंटिव स्कीम लागू है, जो मूल वेतन के आधार पर अत्यंत कम है और वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। महासचिव संजय साहू ने बताया कि यदि जनवरी 2026 से नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम लागू नहीं की गई, तो इंटक यूनियन आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस अवसर पर इंटक यूनियन द्वारा बीएसपी प्रबंधन को ई-फॉर्म की प्रति भी सौंपी गई। प्रतिनिनिधि मंडल में यूनियन के पूरण वर्मा, सच्चिदानंद पांडेय, अजय मार्टिन, गिरिराज देशमुख उपस्थित थे।

# सड़क डामरीकरण व सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



- मंत्री गजेन्द्र यादव ने एक करोड़ 15 लाख रुपए से होने वाले विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 44 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्गवासियों को विकास कार्यों की सौगात दिए। यह भूमिपूजन दुर्ग शहर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर आवागमन, सामाजिक सुविधाएं और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। इन विकास कार्यों से न केवल वार्ड 44 बल्कि आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

वार्ड 44 में 115.76 लाख की लागत से प्रमुख सड़कों का डामरीकरण किया जाएगा। लंबे समय से खराब सड़कों के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा अब दूर होगी तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनेगी। बेहतर सड़क निर्माण से समय की बचत, दुर्घटनाओं में कमी और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। ईरानी डेरा महाराजा चौक से 1.88 किलोमीटर, दुर्ग टेम्पो स्टैंड से पोटिया रोड तक 3 किलोमीटर और पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर में 1.20 किलोमीटर का डामरीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 लाख की लागत से सतनाम भवन व जैतखाम के जीर्णोद्धार तथा मंच निर्माण का भूमिपूजन किया गया।वहीं 19.30 लाख की लागत से नए सतनाम भवन तथा 9.94 लाख की लागत से सतनाम भवन अहाता निर्माण का भी भूमिपूजन किया गया।




# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मकान नंबर 12, कदम कैपिटल टाउन, अंजोरा निवासी सचिन मालगी ने पुलिस में शिकायत किया था। जिसमें मकान नंबर 1 त्रिमूर्ति कॉलोनी महासमुंद निवासी विकास चंद्राकर नामक व्यक्ति शासकीय चिकित्सक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 20 लाख रुपये का रकम लिया था। नौकरी नहीं लगने पर रुपए वापस करने कई बार उसे बोला गया लेकिन रकम नहीं लौटाया। परेशान होकर शिकायत पुलिस से की गई। आरोपी विकास चंद्राकर से पूछताछ करने पर बताया कि मई 2023 में पीड़ित से डॉक्टर की नौकरी लगाने के नाम पर रकम लेने स्वीकार किया। विभिन्न किस्तों में 8 लाख रुपये सचिन व उसकी पत्नी कीर्ति पटानी के खाते में वापस किया। 13 लाख रुपये के लिए एसबीआई के अपने खाते के दो चेक 5-8 लाख रुपये दिया गया। आरोपी विकास उक्त चेकों का भुगतान करने की नीयत न रखते हुए खाते में पे-ऑप्शन सक्रिय नहीं कराया। जिससे लाखों रुपए की ठगी कृत्य स्पष्ट रूप से प्रमाणित होने पर पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# 100 प्रतिशत एफडीआई व बीमा संशोधन कानून के खिलाफ जन अभियान होगा तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन का 54वां वार्षिक अधिवेशन 24 और 25 जनवरी को इस्पात नगरी भिलाई में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन में रायपुर मंडल के सैकड़ों बीमाकर्मी शामिल होंगे। आयोजन की मेजबानी आरडीआईईयू की शाखा इकाई भिलाई-1 द्वारा की जा रही है। संगठन के महासचिव सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मराज महापात्र ने किया। ईसीजेड आईईए के महासचिव त्रिनाथ डोरा,



बीडीआईईए के महासचिव राजेश शर्मा, क्षेत्रीय महिला समिति की संयोजिका ज्योति पाटिल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और श्रमिक नेता कार्यक्रम में शामिल हुए। अधिवेशन स्थल बाकलीवाल भवन, सेक्टर-6, बी-मार्केट भिलाई रखा गया है। अधिवेशन स्थल का नामकरण बीमा आंदोलन के वरिष्ठ नेता सरोज चौधरी की स्मृति में किया गया है, जबकि मंच बीमाकर्मी और श्रमिक आंदोलन के नेता बी सान्याल को समर्पित रहेगा।

24 जनवरी को सुबह 9 बजे एक विहंगम रैली निकाली गई। रैली में बीमा संशोधन विधेयक-2025 वापस लेने, एलआईसी का आईपीओ रद्द करने, सरकारी क्षेत्र में नई भर्ती शुरू करने, श्रम संहिताओं को थोपे जाने का विरोध करने और बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई लागू किए जाने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। यूनियन का कहना है कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई लागू होने से आम जनता की बचत निजी देशी-विदेशी कंपनियों के हाथों चली जाएगी, जिससे धोखाधड़ी और लूट का खतरा बढ़ेगा।

